बाबा तू इतना बता दे } by Sheetal Pandey

तेरा क्या मुझसे नाता क्यूँ इतना प्यार लुटाता
नहीं मैं काबिल तेरे क्यों फिर तू साथ निभाता
मुझको प्रभु इतना बता
क्यूँ माफ़ की मेरी हर खता
ओ बाबा तू इतना बतादे
हाँ बतादे बतादे बाबा
मुझको क्यूँ इतना तू चाहे
हाँ बतादे बतादे बाबा

मेरे तो ना ऐसे थे करम
तूने किया जी ये रहम
दर्द से भरी थी ज़िन्दगी
तूने क्यूँ लगाया मरहम
मुझसे ना छूटा बाबा माया का जहां
फिर भी दयालु तूने होक मेहरबां
मुझको दिया है क्यूँ सहारा
मुझको प्रभु इतना बता
ओ बाबा तू इतना बतादे
हाँ बतादे बतादे बाबा
मुझको क्यूँ इतना तू चाहे
हाँ बतादे बतादे बाबा

सांवरे........

फिरता रहा मैं दरबदर
आसरा मिला न कहीं पर
मुझको शरण में ले लिया
सांवरे क्या तूने सोच कर
भूल से लिया ना कभी तेरा नाम रे
फिर भी बाबा तूने लिया थाम रे
जीवन को मेरे क्यूँ संवारा
मुझको प्रभु इतना बता
ओ बाबा तू इतना बतादे
हाँ बतादे बतादे बाबा
मुझको क्यूँ इतना तू चाहे
हाँ बतादे बतादे बाबा

तेरी मेरी क्या है दास्ता
कैसे पाया तेरा रास्ता
सदियों पुराना क्यूँ लगे हाय
मुझे तेरा मेरा वास्ता
सोनू से बाबा तेरा कैसा नाता है
मेरी गलतियों को क्यूँ तू भूल जाता है
बाबा तू इतना क्यूँ है प्यारा
मुझको प्रभु इतना बता
ओ बाबा तू इतना बतादे
हाँ बतादे बतादे बाबा

मुझको क्यूँ इतना तू चाहे
हाँ बतादे बतादे बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-sheetal-pandey/